उत्तर प्रदेश उद्योग 4.0

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश नोडल तकनीकी विश्वविद्यालय ने भविष्य के कार्यबल को **आधुनिक** उद्योग 4.0 संकल्पना के साथ संरेखित करने की दिशा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और **क्लाउड कंप्यूटिंग प्रशिक्षण** के लिये प्रौद्योगिकी प्रमुख **इंटरनेशनल बिजनेस मशीन्स (IBM) कॉर्पोरेशन** के साथ समझौता किया है।

- राज्य द्वारा **'एक ज़िला, एक इनक्यूबेटर'** योजना पर भी ज़ोर दिया जा रहा है।

मुख्य बिंदु:

- भारत में AI निवेश **वर्ष 2027 तक 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँचने की उम्मीद के साथ, उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने, स्वरोज़गार को प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप के विकास को बढ़ावा देने के लिये इस विस्तारित उद्योग का लाभ उठाना है।
- राज्य के **अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU)** ने 500 से अधिक संबद्ध कॉलेजों में ऐसे कार्यक्रमों में निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिये IBM के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं।
- **इंटेल और इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन** द्वारा हाल ही में जारी एक संयुक्त अध्ययन के अनुसार, भारत में AI व्यय वर्ष 2023 से 31.5% बढ़ने की उम्मीद है।
  - सर्वेक्षण में शामिल आठ देशों- ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, सिंगापुर और ताइवान में वृद्धि सबसे अधिक है।
- उद्योग 4.0 **विनिर्माण और औद्योगिक प्रक्रियाओं में बुद्धिमान डिजिटल प्रौद्योगिकियों के एकीकरण** को संदर्भित करता है।
  - इसमें औद्योगिक **इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) नेटवर्क, AI, बिग डेटा,** रोबोटिक्स, ऑटोमेशन तक विस्तृत प्रौद्योगिकियों का एक सेट शामिल है।
- चूँकि राज्य में **देश का चौथा सबसे बड़ा** स्टार्टअप इकोसिस्टम है, इसलिये सरकार शिक्षा को इनक्यूबेटरों के साथ एकीकृत करने और व्यावसायिक विचारों के लिये एंजेल फंडिंग की सुविधा प्रदान करने की दिशा में कदम उठा रही है।
  - यह 75 ज़िलों में प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में एक इनक्यूबेटर स्थापित करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में, **राज्य में 60 से अधिक इनक्यूबेटर संचालित** हैं।
  - राज्य में लगभग 10,000 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिनमें से 50% टियर-II और टियर-III शहरों से उभरे हैं। लगभग 4,300 स्टार्टअप महिला उद्यमियों द्वारा चलाए जा रहे हैं।
- **उत्तर प्रदेश** भारत में **कुल 108** यूनिकॉर्न **में से आठ का गढ़** है, जैसे कि पेटीएम, पेटीएम मॉल, इंडिया मार्ट, मोग्लिक्स, पाइन लैब्स, इनोवाकर, इन्फोएज और फिजिक्स वाला।

यूनिकॉर्न

- एक यूनिकॉर्न किसी भी **निजी स्वामित्व वाली फर्म** है **जिसका बाज़ार पूंजीकरण 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक** है
- यह अन्य उत्पादों/सेवाओं के अलावा रचनात्मक समाधान और नए व्यापार मॉडल पेश करने के लिये समर्पित **नई संस्थाओं** की उपस्थिति को दर्शाता है
- **फिनटेक, एडटेक, बिज़नेस-टू-बिज़नेस (B2B)** कंपनियाँ आदि इसकी कई श्रेणियाँ हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-industry-4-0